पांच मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कल

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत मतगणना के दौरान ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण परिणाम प्रदर्शित नहीं होने पर राज्य निर्वाचन आयोग ने जयपुर जिले के पांच मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान करवाने के आदेश जारी किए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि जिला परिषद् के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 13 के बूथ संख्या 60 (राउमावि, नांगल सिरस) एवं निर्वाचन क्षेत्र संख्या 52 के बूथ संख्या 81 (राउमावि, अचरोल क.न. 1), पंचायत समिति दूदू के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 06 के बूथ संख्या 62 (राउमावि, साखुन क.न. 1), पंचायत समिति शाहपुरा के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 06 के बूथ संख्या 34 (मगारावि बिशनगढ क.न. 3) तथा पंचायत समिति चौमूं के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 25 के बूथ संख्या 142 (राउमावि, लोहरवाड़ा क.न. 13) पर पुनर्मतदान करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राजस्थान पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 48ए में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने उक्त मतदान केंद्रों पर पूर्व में हुए मतदान को शून्य घोषित किया है। इन सभी मतदान केंद्रों पर रविवार, 22 नवंबर 2026 को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक पुनर्मतदान करवाया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने पर्यटन एवं संस्कृति परियोजनाओं की समीक्षा की

तीन साल के कार्यों और आगामी आयोजनों पर मंथन

जयपुर। उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन,कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में तथा पर्यटन,कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी एवं पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ की उपस्थिति में शुक्रवार को पर्यटन भवन में राजस्थान पर्यटन एवं संस्कृति परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

- **लोक मंथन को पूर्ण सफल बनाने के निर्देश, 67बजट घोषणाओं की समीक्षा कर दिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं के निर्देश**



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की ने पुरातत्व विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी एवं पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ के साथ बैठक की

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित उक्त समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों से पिछली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति जानी और आगामी बजट के लिए प्रस्तावित नई योजनाओं पर विस्तार से मंथन किया। इसके साथ ही,उन्होंने आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

बैठक के पश्चात उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आज पर्यटन भवन में पर्यटन,कला एवं संस्कृति,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग तथाके अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश में पर्यटन विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकल्पों एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत,ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने हेतु सभी परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। हमारा संकल्प है कि राजस्थान पधारने वाले प्रत्येक पर्यटक को सुरक्षित, सुविधाजनक और अविस्मरणीय अनुभव मिले और राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को स्पर्श करे।

डीजीपी ने यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल के साथ की बैठक की

जयपुर । राजस्थान पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए दिसंबर के प्रथम सप्ताह से मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी (यूके) के सहयोग से ऑनलाइन प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। इसके तहत यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ पुलिसकर्मियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी ऑनलाइन कक्षाएं लेंगे। इसके बाद प्राप्त परिणामों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाएगा। इससे पुलिसकर्मियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को समझने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

पुलिस मुख्यालय सभागार में महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ग्लोबल मेंटल हेल्थ रिसर्च के प्रोफेसर विमल कुमार शर्मा ने किया। बैठक में 28 जुलाई, 2026 को राजस्थान पुलिस अकादमी और मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के बीच हुए एमओयू के क्रियान्वयन तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। डीजीपी शर्मा ने कहा कि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के साथ यह साझेदारी राजस्थान पुलिस के लिए महत्वपूर्ण पहल है।

सार-समाचार

एसबीआई डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग - सीजन 8 के पोस्टर का विमोचन



जयपुर। एसबीआई डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के आठवें संस्करण का आयोजन 27 नवंबर से 6 दिसंबर 2026 तक स्पोफिट अकादमी, जयपुर में किया जाएगा। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस आगामी प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन भारतीय स्टेट बैंक जयपुर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक ओंकार नाथ चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक नेटवर्क 2 मनीष सिंघल ,महाप्रबंधक नेटवर्क 1 रजनीश कुमार, सहायक महाप्रबंधक (जन संपर्क) संजय शर्मा, डीबीएल के लीग संयोजक डॉ हरीश भारद्वाज ,लीग ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव एवं लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. श्रवण उपस्थित रहे। लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय स्टेट बैंक जयपुर मंडल द्वारा प्रायोजित की जा रही है ।

सुयश गोदरेज गैलेरी को सर्वाधिक लॉकर सेल के लिए सम्मानित किया



जयपुर। सुयश गोदरेज गैलेरी ने राजस्थान में लॉकर बिक्री के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में सर्वाधिक लॉकर बिक्री का गौरव प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए कंपनी के अधिकारियों ने एसजी ग्रुप के निदेशक आशीष सोमानी और ऋषभ माहेश्वरी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक आशीष सोमानी ने बताया कि यह उपलब्धि कंपनी की कार्यक्षमता, निरंतर प्रयासों और व्यवसाय के प्रति समर्पण को दर्शाती है। गोदरेज के स्मार्ट होम लॉकर व्यवसाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुयश गोदरेज गैलेरी ने बिक्री के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। कंपनी ने अपने बेहतर कार्य प्रदर्शन और ग्राहकों के साथ मजबूत संबंधों के माध्यम से यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया। आशीष सोमानी ने इस पुरस्कार को अपनी टीम की कड़ी मेहनत को समर्पित किया।

छह माह से फरार गांजा सप्लायर बिल्लू सांसी गिरफ्तार



जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले की कालाडेरा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में छह माह से फरार चल रहे मादक पदार्थ सप्लायर बिल्लू सांसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आसूचना संकलन और तकनीकी सहायता से आरोपी को जयपुर से पकड़ा। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि मामला गोविन्दगढ़ थाने में दर्ज प्रकरण से जुड़ा है। इस मामले में पुलिस ने पहले सुलोचना देवी सांसी के कब्जे से 1.125 किलो गांजा जब्त किया था। पूछताछ में उसने गांजा शंकरलाल सांसी से लाना बताया। पुलिस ने 24 जून 2026 को शंकरलाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने गांजा बिल्लू सांसी से खरीदना बताया था। इसके बाद से ही बिल्लू फरार चल रहा था। कालाडेरा थानाधिकारी पूजा पूनियां ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बिल्लू सांसी (33) मूल रूप से सीकर जिले के खंडेला क्षेत्र का रहने वाला है। वह जयपुर के विद्याधर नगर और हरमाड़ा क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने उसे जयपुर से डिटेन कर गिरफ्तार किया।

जीएसटी ऑडिट प्रक्रिया हुई अधिक सरल, पारदर्शी और करदाता-अनुकूल

जयपुर। राजस्थान सरकार के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा करदाताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने तथा व्यवसाय-अनुकूल कर प्रशासन को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। राजस्थान वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 65 के अंतर्गत की जाने वाली ऑडिट कार्यवाही को अधिक सरल, सुविधाजनक, पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी आधारित बनाया जा रहा है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य ऑडिट प्रक्रिया के दौरान करदाताओं के समय एवं संसाधनों की बचत करना तथा उन्हें अनावश्यक असुविधा से बचाना है। नई व्यवस्था के तहत ऑडिट के दौरान करदाता के व्यापार स्थल पर भौतिक निरीक्षण (विजिट) केवल उन्हीं परिस्थितियों में किया जाएगा।

देवनानी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की माताजी के निधन पर संवेदना व्यक्त की

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। देवनानी ने कहा कि मां का स्नेह, आशीर्वाद और ममत्व जीवन की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं। मां का साया उठ जाना जीवन की ऐसी अपूरणीय क्षित है।

खान विभाग: लक्ष्यानुसार राजस्व संग्रहण पर फोकस

जयपुर । अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने खान विभाग के फील्ड अधिकारियों को लक्ष्यानुसार शतप्रतिषत राजस्व संग्रहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजस्व संग्रहण के सभी संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वसूली के कारगर प्रयास किये जाने हैं। खान विभाग का फोकस राजस्व लक्ष्यों को अर्जित करना है और इसके लिए विभागीय अधिकारियों को फील्ड में अधिक सक्रिय होने के साथ ही लीकेज के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जानी है।

- **एसीएस माइंस अरोरा ने अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय होने के निर्देश दिये**

एसीएस खान अपर्णा अरोरा शुक्रवार को खनिज भवन में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रही थी। विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में अक्टूबर तक 12.98 प्रतिशत विकास दर के साथ करीब 809 करोड़ रु. का अधिक राजस्व संग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा है, इसे चुनौती के रुप में लेते हुए राजस्व लक्ष्यों के अनुसार राशि संग्रहण के लिए समन्वित व ठोस प्रयास करने होंगे। फील्ड अधिकारियों द्वारा राजस्व अर्जन के लिए किये जाने वाले प्रयास परिणाम में परिलक्षित होने चाहिए।

अरोरा ने विभागीय मोनेटरिंग व्यवस्था को चाक चोबंद करने और खान निदेशालय स्तर पर राजस्व संग्रहण की नियमित समीक्षा की आवश्यकता प्रतिपादित की। माइनर और मेजर मिनरल ब्लॉकों की ऑक्षन प्रगति की समीक्षा करते हुए मेजर मिनरल के ऑक्शन कैलेण्डर की तरह ही माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन का भी रोडमैप बनाकर आगामी माहों में नीलामी में तेजी लाने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा माइनिंग ब्लॉकों के ऑक्शन से केवल राजस्व संग्रहण ही नहीं होता अपितु वैध खनन को बढ़ावा और अवैध खनन पर भी कारगर रोक हो पाती है। इसके अलावा माइनिंग सेक्टर में निवेश और रोजगार के अवसर विकसित होते हैं।

बिजली केबल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने खेतों और कुओं पर लगे ट्यूबवेल व बोरिंग से बिजली की केबल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की करीब बीस मीटर बिजली की केबल बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने खेतों और कुओं पर लगे ट्यूबवेल व बोरिंग से बिजली की केबल चोरी करने के मामले में गणेश मीणा (27) निवासी अरणिया जिला बूंदी हाल सांगानेर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की करीब 20 मीटर बिजली की केबल बरामद हुई है।थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा के अनुसार 3 नवंबर 2026 की रात सायपुरा और शिकारपुरा के कृषि क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने करीब पांच से छह कुओं की बिजली की केबल काटकर चोरी कर ली थी। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ फसलों की सिंचाई में भी परेशानी हो रही थी।

मैगी खाने से सात साल की बच्ची की मौत

- **बड़ी बहन की भी बिगड़ी तबीयत, फूड पॉइजनिंग की आशंका**
- **प्रारंभिक जांच में मामला फूड पॉइजनिंग का प्रतीत हो रहा है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्ची की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा**

जयपुर। करधनी थाना इलाके में मैगी (नूडल्स) खाने के बाद सात साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन की तबीयत बिगड़ गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस फूड पॉइजनिंग की आशंका जता रही है। घटना गुरुवार देर शाम कालवाड़ रोड स्थित मंगलम सिटी की है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

पुलिस के अनुसार बच्चियों के माता-पिता चौमूं स्थित सिद्धि विनायक अस्पताल में भर्ती अपने बेटे गोविंद के पास गए हुए थे। घर पर 18 वर्षीय दिव्यांशी, 17 वर्षीय गुलशन, 14 वर्षीय समर और 7 वर्षीय पीहू मौजूद थे। गुरुवार सुबह बच्चे मंगलम सिटी स्थित विकास किराना स्टोर से 60 रुपए वाला मैगी का पैकेट खरीदकर लाए थे। सुबह करीब 10 बजे समर ने आधा पैकेट मैगी बनाकर खाया और बाकी मैगी अपने भाई-बहनों के लिए गैस पर छोड़कर खेलने चला गया।

दोपहर करीब 3 बजे दिव्यांशी और पीहू ने मैगी खाई और इसके बाद सो गईं। शाम करीब 5 बजे मां मीना घर पहुंची और दोनों बच्चियों को आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में जाकर जगाने पर दिव्यांशी उठते ही उल्टियां करने लगी, जबकि पीहू नहीं उठी। परिजन दोनों को मंगलम सिटी के पास स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने पीहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दिव्यांशी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

मृतका के पिता दिनेश कुमावत ने बताया कि वह मकान पेंटिंग का काम करते हैं। फरवरी 2025 में उनकी मीना से शादी हुई थी। मीना के पहले पति का निधन हो चुका है। शादी के बाद से वह मीना और उसके पांच बच्चों के साथ कालवाड़ रोड स्थित मंगलम सिटी में रह रहे हैं।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला फूड पॉइजनिंग का प्रतीत हो रहा है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्ची की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

लोकसभा स्पीकर वनस्थली विद्यापीठ में ब्रिक्स महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन में करेंगे शिरकत

जयपुर। वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित ब्रिक्स महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि लोकसभा के माननीय अध्यक्ष ओम बिडला होंगे। वे 21 नवम्बर को आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में ब्रिक्स देशों के साथ-साथ अन्य विदेश की प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे।



इस उद्घाटन सत्र में वनस्थली विद्यापीठ के अध्यक्ष, प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री; कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, उपाध्यक्ष, प्रो. ज्योति पारीक; कोषाध्यक्ष, प्रो. सुधा शास्त्री; निदेशक एवं हेड, इंटरनेशनल रिलेशनस, प्रो. अंशुमान शास्त्री; वासिली बोकोव, डायरेक्टर ऑफ़ रीजनल एंड इंटरनेशनल कोऑपरेशन, प्रेसिडेंटशियल प्लाटफार्म, रशिया-द कंट्री ऑफ़ ओपरचुनिटिस सर्गेई बोचारोव, फर्स्ट वाइस रेक्टर, सेनेझ मैनेजमेंट वर्कशॉप, प्रेसिडेंटशियल प्लाटफार्म, रशिया-द कंट्री ऑफ़ ओपरचुनिटिस, कैंडिडेट ऑफ़ इकनोमिक साइंसेज; मिखाइल कास्को, राजदूत, बेलारूस डेनिश अलीपोव, भारत गणराज्य में रुसी राजदूत सम्मिलित होंगे। मारिया जखरोवा, डायरेक्टर ऑफ़ द इनफार्मेशन एंड प्रेस डिपार्टमेंट, वालेंटीना मैटविएंको, चेयरपर्सन, फेडरेशन काउंसिल ऑफ़ द रसियन फेडरेशन ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होंगी ।

मुख्य अतिथि का पारम्परिक स्वागत द्वार पर प्रो. वनस्थली विद्यापीठ के अध्यक्ष, प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री; कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, उपाध्यक्ष, प्रो. ज्योति पारीक; कोषाध्यक्ष, प्रो. सुधा शास्त्री; निदेशक एवं हेड, इंटरनेशनल रिलेशनस, प्रो. अंशुमान शास्त्री, छात्राओं एवं कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया जाएगा।

आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने वाटिका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 9 फीट लंबी तांबे की रॉड बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 16 नवंबर 2026 को वाटिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालय से सफाई मशीन, जनरेटर और बोरिंग के वायर सहित अन्य सामान चोरी हो गया था। इस संबंध में अस्पताल के लेखा सहायक परमेश्वर स्वामी ने 17 नवंबर को सांगानेर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की जांच के लिए थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ आसूचना व तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपी की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने सूरजमल मीणा (27) निवासी ग्राम डाबिच, जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया।

फर्जी इकरारनामे के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर खंडपीठ ने जमीन हड़पने के लिए फर्जी बिक्री इकरारनामा बनाने के आरोपी कोशेंद्र की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश शुभा मेहता ने 17 नवंबर को यह आदेश दिया। मामला ज्योति नगर थाना (जयपुर दक्षिण) में दर्ज है।

अभियोजन के अनुसार, आरोपी ने बिजली कंपनी (जेवीवीएनएल) के दफ्तर में खुद को परिवादी बताकर उसके बिजली कनेक्शन के दस्तावेज हासिल किए। इनसे उसे परिवादी का बैंक खाता नंबर और हस्ताक्षर मिल गए। इसी आधार पर उसने 18 जुलाई 2025 की तारीख का फर्जी इकरारनामा बनाया और उस पर परिवादी के नकली हस्ताक्षर कर दिए।

परिवादी का प्लॉट करीब दो करोड़ रुपये का था, जबकि इकरारनामे में कीमत सिर्फ 40 लाख रुपये लिखी गई। आरोप है कि आरोपी ने 30 मार्च 2026 को परिवादी के खाते में 10 लाख रुपये जमा कराए और उसी इकरारनामे के आधार पर कोर्ट में विनिर्दिष्ट अनुपालना (यानी सौदा पूरा करवाने) का वाद भी लगा दिया। परिवादी को 28 अप्रैल 2026 को कलेक्टर स्टाम्प का नोटिस मिलने पर मामले की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने एफआईआर दर्ज करवाई।आरोपी के वकील ने कहा कि यह असल में दो पक्षों के बीच का दीवानी विवाद है, जिसे आपराधिक रंग दिया गया। उनका कहना था कि परिवादी ने खुद सौदा किया था, पर रजिस्ट्री नहीं करवा रहा था। एफआईआर देर से (14 मई 2026 को) दर्ज हुई, मूल इकरारनामे के हस्ताक्षर के फर्जी होने की एफएसएल रिपोर्ट नहीं है, आरोपी 5 अगस्त 2026 से हिरासत में है, पहले कोई आपराधिक मामला नहीं है और आरोप पत्र पेश हो चुका है।

लोक अभियोजक और परिवादी के वकील ने कहा कि अपराध सोची-समझी योजना से किया गया।

स्वयंसेवकों के नियोजन बढ़ाने और अनुशासन मजबूत करने पर मंथन

जयपुर । गृह रक्षा विभाग की राज्य स्तरीय कमांडेंट कॉन्फ्रेंस में स्वयंसेवकों के नियोजन के अवसर बढ़ाने, ड्यूटी रोटेशन में पारदर्शिता रखने और जिला इकाइयों में अनुशासन मजबूत करने पर जोर दिया गया। गुरुवार को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई), फतेहपुरा बेगस में पुलिस महानिदेशक एवं महासमादेष्टा अनिल पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभाग की प्रशासनिक, वित्तीय और कार्यप्रणाली से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई।

कॉन्फ्रेंस में पालीवाल ने प्रदेश के विभिन्न जिला प्रशिक्षण केन्द्रों से आए समादेष्टाओं से सीधा संवाद कर क्षेत्रीय स्तर पर कामकाज में आ रही समस्याओं और चुनौतियों की जानकारी ली। उन्होंने समस्याओं के त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी कंपनियों और प्रतिष्ठानों में गृह रक्षा स्वयंसेवकों के नियोजन के अवसर बढ़ाने पर चर्चा हुई। इसके लिए ऑनलाइन नियोजन सॉफ्टवेयर एचडीएमएस का प्रभावी उपयोग करने और ड्यूटी रोटेशन प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही ड्यूटी रोटेशन संबंधी आदेशों की पालना, जिला इकाइयों में अनुशासन मजबूत करने और विभागीय जांचों का निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण करने पर बल दिया गया। कॉन्फ्रेंस में आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग, लंबित न्यायालय प्रकरणों और ऑडिट आक्षेपों का निस्तारण तथा भंडार एवं हथियारों के उचित रखरखाव की भी समीक्षा की गई। आगामी 6 दिसंबर को होने वाले गृह रक्षा स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई। महानिरीक्षक पुलिस गृह रक्षा राजेश मीना ने अधिकारियों को मुख्यालय से जारी परिपत्रों, स्थायी आदेशों और अन्य निर्देशों का गहन अध्ययन करने को कहा।

'खादी देश की पहचान, युवा वर्ग खादी को अपनाकर गर्व महसूस करने लगा'

जयपुर। इंद्रभूषण जी गोईल, अध्यक्ष राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ,बजाज नगर, जयपुर ने कहा कि खादी देश की पहचान है। युवावर्ग खादी को अपनाकर देश में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका व बदलाव ला सकता है।

गोईल ने गुरुवार को बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2026-27 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है।

उन्होंने कहा कि खादी मेक इन इंडिया की पहली उपज थी। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रिय बन रही है।



गोईल ने बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था द्वारा लगाई खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है।

अनिल शर्मा जी मंत्री राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ,ने कहा कि भारत सरकार का कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है।

- **उन्होंने कहा कि खादी मेक इन इंडिया की पहली उपज थी। खादी अब युवाओं को रास आ रही है**

राजस्थान खादी ग्रामउद्योग संस्था संघ के मंत्री एवम खादी प्रदर्शनी के सयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 20 26 से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2027 तक संचालित की जाएगी। इस अवसर पर राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के हजारीलाल जी देवड़ा, भगवती जी पारीक, सवाई सिंह जी, जवाहरलाल सेठिया , डॉ अवधप्रकाश जी,कृष्ण जी व्यास,भुवनेश जी गौड़ आदि उपस्थित रहें।

रीपा के स्थापना वर्ष समारोह में सजी राजस्थानी संगीतमय शाम

जयपुर। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान (एचसीएम रीपा) के 70 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में शुक्रवार को संस्थान के भगवत सिंह मेहता सभागार में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में

- **सांस्कृतिक सप्ताह एवं रन फॉर रीपा के विजेताओं को सम्मानित किया**



मारवाड़ के लंगा कलाकारों ने पारंपरिक लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, वहीं डांसिंग पीकॉक संस्था की ओर से विश्व प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत किया गया।

एसीएस ट्रेनिंग एवं एचसीएम रीपा की महानिदेशक श्रेया गुहा ने कहा कि संस्थान का 70वां स्थापना वर्ष केवल संस्थान की उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि राजस्थान की जीवंत लोक संस्कृति का सम्मान भी है। रन फॉर रीपा से लेकर इस सांस्कृतिक संध्या तक संस्थान अपनी गौरवशाली परंपरा और उत्कृष्टता के 70 वर्षों का उत्सव मना रहा है।

कार्यक्रम में बाड़मेर, बालोतरा, जोधपुर और जैसलमेर क्षेत्र के सारंगिया लंगा समुदाय के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कासम लंगा के नेतृत्व में कलाकारों ने सारंगी, ढोलक, हारमोनियम और खड़ताल की संगत पर पारंपरिक लोकगीत सुनाए। इन गीतों की विशेषता यह है कि ये लिखित रूप में नहीं, बल्कि पीढ़ियों से गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से संरक्षित हैं।